31st October - 06th November, 2022

''भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत''

"Corruption free India for a developed Nation"

सतर्कता विभाग, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
Vigilance Department,THDC India Limited

PART-III

लेख/ कविताएँ

Corruption Free India for a Developed Nation

Corruption prevails in every sector and at every level in the country. Corruption is a complex social, political and economic phenomenon that affects countries to its Foundations. As per United Nations, Corruption undermines democratic institutions, slows economic development and contributes to governmental instability. Corruption attacks the foundation of democratic institutions by distorting electoral processes, perverting the rule of law and creating bureaucratic quagmires whose only reason for existing is the soliciting of bribes thereby hampering the growth and development of the country.

While individual efforts can work in the direction of freeing the country from corruption however if the problem is to be removed from its roots, then government's intervention is necessary. In this regard, Indian government has made several strict laws and mechanisms to tackle corruption. Few of the many initiatives taken by the Government are introduction of Implementation of E-tendering in public procurements to ensure fair play field and competitive based bidding. Introduction of e-Governance and simplification of procedure and systems to ensure transparency and end the "Inspector Raj", Introduction of Government procurement through the Government e-Marketplace (GeM) to mandate public entities for all the procurements through GeM portal only. Discontinuation of interviews in recruitment of Group 'B' (Non-Gazetted) and Group 'C' posts in Government of India etc.

As a public entity, THDC India Limited is also committed to eradicate corruption in any form and at any level. THDC India Limited has complied with all the directions issued by the govt. from time to time to ensure transparency at workplace. Interventions like procurement through E-Tendering, GeM portal has been implemented to ensure transparency in transaction of work. THDC India Limited has framed policy such as Work Manuals, procurement policy, recruitment rules etc. which strictly adhere with the directions issued by Govt. of India from time to time. Moreover, THDC India Limited has its own Vigilance Deptt. Working under the aegis of Chief Vigilance Officer appointed by Govt. of India to keep a check on the routine transaction of work at the corporation level and issue advisory wherever needed.

THDC India limited, in order to promote Integrity and Transparency in the organization has always ensured proper measures including the areas of Procurement of Goods and Services, recruitments etc. But rules and regulations are not enough to tackle corruption and eradicate its roots until we as a responsible citizen of this country abide by these rules and committed to fight corruption.

Veer Singh
CGM-HR

क्या फ़र्क पड़ता है!

क्या फ़र्क पड़ता है, होने दो जो होता है।

किसी को नींद से क्यों जगाना,
क्या सही, क्या ग़लत, ये क्यों बताना।
सोने दो जो सोता है, होने दो जो होता है।

कर्मों का हिसाब, किसी को क्यों समझाना,
जो जड़े गहरा गई, उन्हें क्यों निकलवाना।
बोने दो जो बोता है, होने दो जो होता है।

ग़लत को सही करने की किसे पड़ी है,
कोई दुखी है, यह बात कहां बड़ी है।
रोने दो जो रोता है, होने दो जो होता है।

किसी का हक छिन जाए ग़र यहां अभी,
किसी को कहां मिलता है, सब कुछ कभी।
खोनें दो जो खोता है, होने दो जो होता है।

क्या फ़र्क पड़ता है, होने दो जो होता है।

भावना रावत
प्रबंधक (नियोजन)
टीएचडीसी आई. एल., टिहरी।

भ्रष्ट्राचार मुक्त भारत हेतु प्रयास-विकसित भारत-एक परिणाम

भारत की आजादी की ७५ वीं वर्षगाठ तक पहुँचने में धीरे धीरे ही सही, पर पूरे ७५ वर्ष का समय ही बीता है, इस कालखंड में समय नें स्वयं के प्रवाह हेतु किसी भी प्रकार का कोई लघुपथ (Shortcut) नही अपनाया है क्योंकि ब्रहमांड की उत्पत्ति में स्थान (Space) एवं समय (Time) का प्रवाह प्रकृति के अस्तित्वगत सिद्धांतों के अधीन है परन्तु इस ब्रहमांड में रहनें वाले सामाजिक प्राणी मनुष्य की आवश्यकताएं एवं इच्छाएं तथा उनकी प्राप्ति हेतु, उसके निर्माण, जीने के ढंग, लक्ष्य प्राप्ति और उसे शीघ्रता से प्राप्त करने की इच्छा मनुष्य को किसी भी प्रकार के लघुमार्ग (Shortcut) को अपनाने की ओर अग्रसर करती है और किसी भी प्रकार से समयपूर्व लक्ष्य प्राप्ति की अधीरता मनुष्य को अनुचित साधन एवं माध्यम की और धकेलती है | इसलिए हमें इस सच को इस अहसास के साथ अनिवार्य रूप से स्वीकार करना ही होगा कि प्रत्येक लक्ष्य की पूर्ति एक निश्चित समय की सीमा में ही हो सकती है, जैसे संस्कृत का निम्नलिखित श्लोक हमें इसकी प्रेरणा प्रदान करता है कि:

शनैः पन्थाः शनैः कन्था शनैः पर्वतलङ्घनम्।
शनैर्विद्या शनैर्वित्तं पञ्चैतनि शनैः शनैः ॥

"अर्थात: राह धीरे धीरे कटती है, कपड़ा धीरे धीरे बुनता है, पर्वत धीरे धीरे चढा जाता है, विद्या और धन भी धीरे-धीरे प्राप्त होते हैं, ये पाँचों धीरे धीरे ही होते हैं।" इसी प्रकार व्यक्ति/समाज/प्रदेश/देश के सर्वांगीण एवं सर्वसमावेशी विकास हेतु किये जाने वाले कर्तव्य के मार्ग का अनुगमन भले ही धीरे-धीरे ही होता है किन्तु इस दिशा में बढ़ाया गया कदम एक स्थिरता एवं स्थायित्व प्रदान करता है जो विकास के लिए एक मज़बूत आधार बनता है और मज़बूत आधार पर बने भवन/ढांचें/व्यवस्था/देश आदि में रहने वाले निवासी/नागरिकों में एक सुखद अहसास, सुरक्षा एवं विश्वास का भाव बनाये रखता है |

किसी संत का कथन है कि हर चलना कहीं पहुँचना नही होता, यदि इस कथन पर ध्यान दिया जाय तो यह महसूस होगा कि प्रत्येक व्यक्ति कुछ पाना चाहता है और कहीं न कहीं किसी निर्धारित किये गए लक्ष्य तक शीघ्रताशीघ्र पहुंचना चाहता है किन्तु इस हेतु अनैतिक,अमर्यादित तथा भ्रष्ट आचरण युक्त प्रयासों द्वारा अपनाया गया छिद्रयुक्त लघुपथ (Shortcut) मार्ग किस प्रकार से लक्ष्यप्राप्ति एवं सर्वांगीण विकास में बाधक बन जाता है जिसकी बानगी संस्कृत के निम्न श्लोक में झलकती है :

सुसूक्ष्मेणापि रंध्रेण प्रविश्याभ्यंतरं रिपुः
नाशयेत् च शनैः पश्चात् प्लवं सलिलपूरवत्

"अर्थात : नाव में पानी पतले छेद से भीतर आने लगता है और भर कर उसे डूबा देता है, उसीतरह शत्रु को घुसने का छोटा रास्ता या कोई भेद मिल जाए तो उसी से भीतर आ कर वह कबाड़ कर ही देता है।"

इसी प्रकार किसी समाज, प्रदेश, देश आदि के विकास में भ्रष्टाचार का छिद्र जब बड़ा आकार लेने लगता है तो वह उस देश के विकास की राह में अवरोध उत्पन्न करके उसके विकास की धार कुंद कर देता है जिसके परिणामस्वरूप व्यवस्था में यकीन रखने वालें ईमानदार व्यक्तियों का विश्वास डोलने लगता है और उनमें एक प्रकार की निराशा एवं कुंठा का जन्म होता है | जिसके शमन के लिए प्रत्येक नागरिक से शनैः शनैः एवं धैर्यपूर्वक समाज/देश की प्रगति/विकास के लिए उनके गिलहरी जैसे योगदान की अपेक्षा रहती है |

आज़ादी के इन ७५ वर्षों में भ्रष्ट्राचार रूपी दंश के बावजूद विकसित भारत बनने की दिशा में भारतवर्ष नें ज़हां भ्रष्ट्राचार के उन्मूलन हेतु शासकीय स्तर पर सरकारी संस्थानों/विभागों के विविध लोकप्रचलित सार्थक प्रयासों, यथा: सूचना के अधिकार, नागरिक सेवाओं का ऑनलाइन पोर्टल पर एक निर्धारित समयसीमा में समाधान, GeM/E-Procurement पद्धति से सार्वज़निक खरीद प्रणाली, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत एक राष्ट-एक राशन कार्ड, नकद लेन-देन को हतोत्साहित करना एवं डिजिटल भुगतान प्रणाली लागू करवाना, विभिन्न सरकारी लाभार्थी योजनाओं के पात्र नागरिकों के खाते में सीधा भुगतान, तथा अनेकों योजनाओं में फर्जीवाड़े के रोकथाम हेतु आधार कार्ड से जोड़े जाने की व्यवस्था एवं आयकर से सम्बंधित प्रकरणों के Faceless समाधान आदि अनेकों सेवाओं के समाधान हेतु किये गए प्रयास, ज़हां भ्रष्ट्राचार को रोकनें में सहायक सिद्ध हुए हैं वहीँ दूसरी ओर विकास के मार्ग पर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में उठाये गए विभिन्न सरकारी/गैर सरकारी कदम, भ्रष्ट्राचार मुक्त भारत-विकसित भारत के सपनें को साकार करने में सफल होते दिख रहे हैं।

जी एस चौहान
वरिष्ठ प्रबंधक (सतर्कता)
ऋषिकेश

ईमानदारी

क्या लेकर आये थे, और क्या लेकर जाओगे
जो है किया यहाँ एकत्रित, सब यहीं लुटाओगे
ये धन, संपति, ऐशवर्य, वैभव, आराम
मानों सच नहीं आयेंगे कभी ये काम |

अंत उसी का होगा शानदार
रहा जो जीवन पर्यंत ईमानदार
बचपन से लिखते रहे ईमानदारी पर लेख
बडे होने पर आश्चर्य हुआ ये सच्चाई देख
कि सब ढूँढते हैं दूसरों में ईमानदारी
पर नहीं दिखाते उसमें अपनी भागीदारी |

ईमान पर बातों और भाषणों में कमी नहीं
सब खोजते हैं औरों में पर खुद रखते नहीं
क्या सिर्फ शास्त्री, कलाम तक ही सिमटा रह जायेगा
या हर पीढ़ी, नागरिक इसे आगे बढ़ाएगा |

कुछ चंद हैं जिनकी ईमानदारी नहीं बिकी
इन्ही के दम से संभली है और दुनिया टिकी
विलुप्ति के कगार पर पहुंचा, कही कहीं ही अब दिखता
बेईमानी का अंत दुखद पर गलतियों से भी कोई न सीखता |

टूटते हुए मूल्य, डूबते संस्कार के बीच यह कविता गाता हूँ
ईमानदारी की विलुप्त होती अवमूल्यन की गाथा सबको सुनाता हूँ
ईमानदारी है देवगुण, कम लोगों ने पाई है
देती बेफिक्री, इज्ज़त और शांति जिन्होने इसे कमाई है
सतर्कता दिवस देती है मौका और हमने यह ठानी है
बेईमानी के नाम से अच्छा ईमानदारी की गुमनामी है।

आशुतोष कुमार आनंद
वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन)
एनसीआर कार्यालय, कौशाम्बी

भारत में भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी : एक पुनरावलोकन

भारतवर्ष विभिन्न स्व-शासित राज्यों/ निकायों के साथसाथ केन्द्रीय शासन का एक संघीय प्रारूप है | रक्षा, शिक्षा, नागरिक उड्डयन, रेलवे, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों के अलावा भी कई स्तरों पर सरकारी या सरकार नियंत्रित उद्यम भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण रोल निभाते हैं | भारत में व्यापार करने के लिए सरकार के साथ विभिन्न स्तरों पर संपर्क आवश्यक हो जाता है | साथ ही राज्य के विभिन्न क़ानून जो कि व्यापार को प्रभावित करते हैं, सरकारी अधिकारियों को विवेकाधीन अधिकार प्रदान करते हैं| व्यापार प्रारम्भ करने और चलाने के लिए आवश्यक स्वीकृतियां, अधिनियमों का अनुपालन, रिपोर्ट्स जमा करना, निरीक्षण आदि गतिविधियाँ केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार या स्थानीय निकाय के, या इन सभी के अधिकारियों /कर्मचारियों के अधिकारों के दायरे में आती हैं, जो अपने अधिकारों और व्यक्तिगत विवेक का प्रयोग भ्रष्ट गतिविधियों के लिए करते हैं |

भारत में कठोर भ्रष्टाचार निरोधी क़ानून हैं, किन्तु फिर भी यह माना जाता है, विशेषकर भारत वर्ष के बाहर, कि भ्रष्टाचार, भारतवर्ष में व्यवहारिक रूप से एक स्वीकार्य प्रक्रिया है | हालांकि भ्रष्टाचार भारत में सामाजिक या सांस्कृतिक रूप से स्वीकार योग्य नहीं है | वास्तव में, विगत कुछ समय से चल रहे राजनीतिक और सामाजिक रुझान के कारण भारतीयों में भ्रष्टाचार के विरूद्ध जागरूकता एवं भ्रष्टाचार विरोधी वातावरण विकसित हुआ है, इन सब के कारण भ्रष्टाचार से निपटने के लिए कई अतिरिक्त तरीके अपनाए जा रहे हैं, जैसे कि स्वतंत्र लोकपाल/लोकायुक्तों की नियुक्ति, रिश्वत देने वाले और बिचौलियों के लिए कानूनी प्रावधान को मजबूती देना, बेनामी लेन देन, अघोषित संपत्ति एवं मनीलौंड्रीगं(धनशोधन) के लिए वर्तमान कानूनों का दायरा और अधिक बढ़ाना | न्यायालयों की अतिरिक्त सक्रियता भी भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में सहायक हैं |

रिश्वतखोरी के विरुद्ध कानूनी प्रावधान :

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (Prevention of Corruption Act, 1988)भारतवर्ष में एक मुख्य भ्रष्टाचार निरोधी विधान है, जो सरकारी कर्मचारी को अवांछित लाभ लेने या देने को अपराधी बनाता है | कोई भी व्यक्ति या कंपनी इस एक्ट के तहत अपराध साबित होने पर दंड के दायरे में आते हैं | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अनुसार किसी भी सरकारी कर्मचारी (लोक सेवक) को उसको देय वैधानिक भुगतान/ पारिश्रमिक के अलावा किसी सरकार या संगठन द्वारा, जिसमें वह कर्मचारी सेवा दे चुका हो, कोई अनुतोष/पारितोषिक/धन अवांछित लाभ की श्रेणी में आता है | किसी भी सरकारी विभाग, स्थानीय निकाय, निगम, सरकारी कम्पनी या कोई भी संस्था जो राज्य से सहायता प्राप्त है या नियंत्रित है, में सेवा दे रहा व्यक्ति लोक सेवक की श्रेणी में आता है | लोक सेवक द्वारा रिश्वत लेना या कोई अन्य अवांछित लाभ प्राप्त करना, आय से अधिक संपत्ति रखना या आपराधिक कदाचार आदि कृत्य भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के दायरे में आते हैं | साथ ही, रिश्वत लेने के लिए उकसाने या रिश्वत देने के लिए किसी गैर सरकारी व्यक्ति या संस्था पर भी अभियोग चलाया जा सकता है | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न अपराधों के लिए ६ माह से १० वर्ष तक की सजा दी जा सकती है तथा जुर्माना भी लगाया जा सकता है | भ्रष्टाचार के द्वारा कमाई गयी संपत्ति को सरकार द्वारा जब्त किये जाने के भी प्रावधान हैं |

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के अतिरिक्त भ्रष्टाचार निवारण के लिए विभिन्न निकाय, अधिनियम एवं कानूनी प्रावधान मौजूद हैं जिनमें से मुख्य निम्न प्रकार हैं _

1. Indian Penal Code, 1860
2. Income Tax Act, 1961
3. Civil Services (Conduct) Rules, 1964
4. All India Services (Conduct) Rules, 1968 (the Service Rules)

5. Prevention of Money Laundering Act, 2002 (PMLA).
6. CVC Act 2003
7. Foreign Contribution Regulation Act, 2010 (FCRA)
8. Whistle-Blowers Protection Act, 2011
9. Lokpal and Lokayuktas Act, 2013
10. Black Money (Undisclosed Foreign Income and Assets) and Imposition of Tax Act, 2015
11. CAG
12. Enforcement Directorate

केंद्रीय सतर्कता आयोग

भारत में राष्ट्रीय स्तरपर भ्रष्टाचार विरोधी तीन प्रमुख संस्थाएं (केंद्रीय जांच ब्यूरो, लोकपाल तथा केंद्रीय सतर्कता आयोग) है जिसमें से केंद्रीय सतर्कता आयोग एक मुख्य शीर्षस्थ संस्था है। यह समस्त कार्यकारी प्राधिकारी के जवाबदेही से मुक्त तथा संसद के प्रति उत्तरदायी होता है। यह केंद्र सरकार के तहत आने वाली सभी सतर्कता गतिविधियों पर नज़र रखता है। केंद्रीय सरकारी संगठनों के लिए यह सलाहकार की भूमिका भी निभाता है।

केंद्रीय सतर्कता आयोग को एक ऐसी संस्था के रूप में नामित किया गया है जो रिश्वतखोरी, कार्यालयों के दुरुपयोग तथा भ्रष्टाचार संबंधित शिकायतों को सुनता है तथा उनपर त्वरित रूप से उचित कार्रवाई की सिफारिश भी करता है। केंद्रीय सतर्कता आयोग के पास केंद्र सरकार, लोकपाल तथा मुखबिर/सूचना प्रदाता/सचेतक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यह आयोग वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से अपने किए गए कार्यों तथा उन प्रणालीगत विफलताओं का विवरण देती है जिनके फलस्वरूप विभागों में भ्रष्टाचार पनप रहा है।

2003 में इंजीनियर श्री सत्येंद्र दुबे की हत्या के उपरान्त सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले के आधार पर, पद के दुरूपयोग तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत प्राप्त करने तथा कार्रवाई करने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग को एक नामित संस्था के रुप में प्राधिकृत किया गया। इसे सार्वजनिक हित प्रकटीकरण और सूचना प्रदाता संरक्षण संकल्प (Public Interest Disclosure and Protection of Informer resolution -PIDPI) के तहत शिकायतकर्ता से संबंधित जानकारी को गुप्त रखने की ज़िम्मेदारी भी सौपी गई। इसके बाद सरकार ने अन्य विधानों तथा अधिनियमों के माध्यम से समय – समय पर आयोग की शक्तियों तथा कार्यों में वृद्धि की है।

हमारे देश में भ्रष्टाचार की स्थिति काफी बदतर कही जा सकती है | सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में एवं आम आदमी को राहत प्रदान करने में भ्रष्टाचार मुख्य बाधा है | भ्रष्टाचार निरोधी विभिन्न विभाग एवं संस्थाएं विगत वर्षों से रिश्वतखोरी एवं भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान छेड़े हुए हैं | फोरेंसिक जांच एवं अन्य नवीनतम तकनीक का प्रयोग न्यायालयों में अपराध सिद्ध करने में सहायक हो रहे हैं | किन्तु संविधान की भावना को पूर्ण रूप से लागू करने के लिए कानूनों को और अधिक सक्रियता से लागू करने की आवश्यकता है |

हरदेव पन्त
उप महाप्रबंधक (सतर्कता)
ऋषिकेश

"भ्रष्टाचार मुक्त भारत - विकसित भारत"

प्रत्येक देश अपनी संस्कृति, अपनी सभ्यता तथा चरित्र के कारण पहचाना जाता है। भारत, उच्च नैतिक मूल्यों, नैतिकता, मानवतावादी गुणों और परंपराओं का देश है जहाँ चरित्र और त्याग को सर्वोतम माना गया ।श्रीमद् भगवद्गीता में कहा गया है -

त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः ।
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत् ।।

काम, क्रोध, और लोभ, ये आत्मा का नाश करने वाले नरक के तीन दरवाजे हैं, अतः इन तीनो को त्याग देना चाहिए। वह आचरण जो किसी भी प्रकार से अनैतिक और अनुचित हो, न्याय व्यवस्था के मान्य नियमों के विरूद्ध जाकर अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए गलत आचरण करने लगता है, वह भ्रष्टाचार की परिसीमा में है। चरित्रशील, शुद्ध आचार, शुद्ध विचार, निष्कलंक जीवन, त्याग, राष्ट्र प्रेम, सेवा भाव, सामाजिक राष्ट्रीय दृष्टिकोण के बिना भ्रष्टाचार मुक्त भारत का निर्माण सम्भव नही ।

भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाये रखने के लिए आवश्यक है:

शिक्षा का प्रसार : शिक्षा का अभाव मुख्य कारणों में से एक है। अशिक्षित वर्ग से जुड़े कई लोग अपनी आजीविका कमाने के लिए अवैध और भ्रष्ट तरीकों का इस्तेमाल न करें। शिक्षा ही इस समस्या को काफी हद तक कम करने में मदद कर सकती है। सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए नीतियां बनाना चाहिए कि देश में हर बच्चा स्कूल जाए और शिक्षा हासिल करे।

रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना: नौकरी योग्य युवाओं की संख्या की तुलना में कम है ।कुछ युवाओं को नौकरी उनकी योग्यता के बराबर नहीं मिलती जिस कारण असंतोष और अधिक कमाई का लालच भ्रष्ट तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। आर्थिक सुधार, औधोगिक नीति में परिवर्तन और उपलब्ध संसाधनों के उपयोग से बेरोजगार और निर्धनता की समस्या को कम करता है तथा रोजगार के सुअवसर उपलब्ध होते है।

पारदर्शी नागरिक अनुकूल सेवाएँ: प्रत्यक्ष लाभ अंतरण पहल के माध्यम से पारदर्शी तरीके से सरकार की विभिन्न योजनाओं का कार्यान्वयन, सार्वजनिक खरीद में ई-निविदा, ई-गवर्नेंस की शुरुआत, प्रक्रिया व् प्रणालियों का सरलीकरण में भ्रष्टाचार को लगाम लगेगा।

सख्त कानून व्यवस्था : व्यवस्थागत सुधार एवं सख्त कानून व्यवस्था से जनमानस में भ्रष्टाचार को लेकर पैदा हुए हताशा के वातावरण को बदल कर भरोसे का माहौल निर्मित करता है। अच्छे कार्य की सराहना और बुरे कार्यों में उचित दंड का समन्वय हो।

प्रौद्योगिकी एवं मीडिया की भूमिका: सरकारी कार्यालयों, सड़क चौराहों व अन्य जगहों पर प्रौद्योगिकी का उपयोग कर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने तथा मीडिया को नियमित रूप में स्टिंग ऑपरेशन करने से भ्रष्ट तरीकों का उपयोग नही होगा ।

सतर्कता, सूचना का अधिकार की भूमिका: भ्रष्टाचार एक अपराध है और इसके खिलाफ लड़ने के लिए सभी को उचित कदम उठाने चाहिए। भ्रष्टाचार लाभ कमाने का अनुचित और अनैतिक साधन है। समाज में सभी वर्गों को हमारे राष्ट्रीय जीवन में ईमानदारी बनाए रखने के लिए सतर्क रहने की आवश्यकता है ।हर स्तर पर सूचना का अधिकार भ्रष्टाचार से लड़ने का एक बड़ा हथियार है।

विकसित देश की अभिकल्पना:

"सर्वे भवन्तु सुखिनः। सर्वे सन्तु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु। मा कश्चित् दुःख भाग्भवेत्"

सभी सुखी होवें, सभी रोगमुक्त रहें, सभी मंगलमय घटनाओं के साक्षी बनें और किसी को भी दुःख का भागी न बनना पड़े। हर एक व्यक्ति भ्रष्टाचार मुक्त भारत चाहता है। नैतिक मूल्यों को शीर्ष में रखते हुए हर व्यक्ति को दृढ़ निश्चय कर लेने पर कोई भी कार्य कर पाना असम्भव नही, आवश्यकता है सतर्कता एवं जागरूकता, सूचना का अधिकार, भ्रष्टाचार निवारण कानूनों का प्रभावी रूप से कार्यान्वयन करना, जिससे विकसित भारत भ्रष्टाचार क्षेत्र में ईमानदार, पारदर्शी और जवाबदेह बना रहे।

दिनेश चन्द्र भट्ट
उप महाप्रबंधक (विद्युत),
टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, टिहरी

परिवार से परिवर्तन

घूस न लेंगे, घूस न देंगे,
हम सबका नारा होगा।
भ्रष्टाचार मिटाना हमको,
और सुशासन लाना होगा।

सबसे पहले अपने घर में
यह परिवर्तन लाना होगा।
निज जीवन में सरल, सुगमता,
आदर्श आचरण अपनाना होगा,
शिशु जैसा भोलापन लेकर,
कर्तव्य पथ पर जाना होगा,
बच्चों के पालन-पोषण में,
सहज सादगी लाना होगा,
उनकी अनजानी मांगों को,
नाजायज ठहराना होगा।

भ्रष्ट राह पर कोई भी हो,
उसको भय दिखलाना होगा,
पथभ्रष्ट हो चुके इंसानों को,
सही मार्ग पर लाना होगा,
परिवार सबल होगा तब ही,
थोड़े में गुजारा करना होगा,
स्वस्थ और सुंदर जीवन का,
समावेश जन-जन में होगा,
परिवार सशक्त होंगे तो,
राष्ट्र स्वयं शक्तिशाली होगा।

घूस न लेंगे, घूस न देंगे,
हम सबका नारा होगा ।
भ्रष्टाचार मिटाना हमको,
और सुशासन लाना होगा ।

पंकज कुमार शर्मा
उप प्रबंधक (राजभाषा)
टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऋषिकेश

भ्रष्टाचार मुक्त भविष्य

भ्रष्टाचार अर्थात भ्रष्टआचार। भ्रष्टाचार केवल रिश्वत लेने या देने का नाम नहीं है। जो व्यवहार सामाजिक मूल्यों के अनुसार नहीं है, वही भ्रष्टाचार है जैसे झूठ बोलना, धोखा देना, किसी को नीचा दिखाना, ईर्ष्या करना और रिश्वत लेना व देना दोनों ही, ऐसे अनगिनत उदाहरण है तथा सभी व्यक्ति इससे भली भांति परिचित भी हैं परन्तु प्रश्न यह है कि इस भ्रष्टाचार को, जिसने न केवल हमारे भारतवर्ष अपितु विश्व के कई अन्य देशों को अपनी गिरफ्त में लपेट रखा है, को कैसे दूर किया जाए। चूँकि भ्रष्टाचार व्यक्ति के व्यवहार से संबंधित है अतः इसका उपचार भी व्यावहारिक ही होना चाहिए। मनुष्य जब जन्म लेता है, तो कहते हैं कि वह निष्पाप एवं मासूम होता है परन्तु समय के अनुसार उसमें ये सब दोष घर कर जाते हैं। अत: आवश्यकता है एक ऐसी शिक्षा पद्धति की जो प्रारंभ से ही व्यक्ति में मानव मूल्यों की नींव रख सके। कुछ दशक पहले सभी विद्यालयों में नैतिक शिक्षा नामक एक विषय होता था जिससे हमारे पूर्वजों एवं महापुरुषों की अनगिनत सद-मूल्यों की व्याख्या इस ढंग से की जाती थी कि वो बच्चों के मस्तिष्क पर अंकित हो जाती थी। फिर ना जाने यह नैतिक शिक्षा कहाँ गायब हो गई और उसकी जगह एक ऐसी प्रणाली ने ले ली जो आपसी मनमुटाव, वैमनस्य एवं ईर्ष्या जैसे व्यवहार को बढ़ावा देती है। आजकल तनाव भरे जीवन में प्रत्येक व्यक्ति अपना अस्तित्व बचाने हेतु निरंतर प्रयत्नशील है और उसके लिए वह अपने नैतिक मूल्यों को भी दांव पर लगा देता है। निष्कर्ष यह है कि हमारी शिक्षा पद्धति में फिर से ऐसा बदलाव किया जाना आवश्यक है कि बच्चा, बचपन से ही ईमानदार एवं सच्चा जीवन जीने की कला सीख लें और जब अपनी शिक्षा समाप्त होने पर समाज एवं देश की सेवा के लिए निकले तो वह एक ऐसी वीर की भाँति व्यवहार करें जिसमें न तो कपट हो और ना ही भ्रष्ट आचार।

मेरा मानना है कि हमारे विद्यालयों में नैतिक शिक्षा प्राथमिक स्तर से ही अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाई जानी चाहिये जिससे कि आने वाली पीढ़ी के शब्दकोश में भ्रष्टाचार नामक शब्द ही ना हो और वे भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण में साँस ले सके

उषा गर्ग पत्नी श्री मुकुल गर्ग
(उप महा प्रबंधक, मोनिटरिंग)
ऋषिकेश

भ्रष्टाचार मुक्त विकसित भारत: एक सोच बदलाव की

प्रस्तावना :-

भारत एक उच्च मूल्यों और नैतिक परम्पराओं वाला देश है, लेकिन इसके समक्ष एक सबसे बड़ी समस्या भ्रष्टाचार है जो विभिन स्तरों पर देखने को मिल रही है। यह एक ऐसी समस्या है जो देश को आंतरिक रूप से नुकसान पहुंचा रही है जिसका नकारात्मक प्रभाव हमारे देश पर पड रहा है। यह किसी एक क्षेत्र में नहीं बल्कि सभी क्षेत्रों में देखने को मिलता है। चाहे राजनीति हो, चाहे प्रशासन, या कोई विभाग, भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए भारत सरकार द्वारा कई कार्य किये जा रहें हैं लेकिन भ्रष्टाचार का मुख्य कारण अशिक्षा है। सिर्फ सरकार के प्रयासों से हम भ्रष्टाचार को नहीं रोक सकते। इसके लिए आज के युवाओं को, राजनेताओं को और उन सभी व्यक्तियों को आगे आना चाहिए, जो इससे पीड़ित हैं। भारत एक लोकताचिक देश है। जब भी यहाँ चुनाव होते हैं, तो इनमें राजनितिक दलों केनेताओं हेतु कोई भी शैक्षणिक योग्यता या मानदंड निर्धारित नहीं है। भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए हमें योग्य नेता का चुनाव करना बेहद जरुरी है, जो शिक्षित हो। लोगों को जागरूक किया जाये कि भ्रष्टाचार क्या है, और इससे कैसे निपटा जाये। हम सबको भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए अपना योगदान देना होगा। जिसके लिए हमें स्वयं को और अपने आस-पास के लोगों को शिक्षित करना होगा।

भारत में बढ़ता भ्रष्टाचार :-

भ्रष्टाचार पूरे देश में बीमारी की तरह फैल रहा है यदि समय रहते भ्रष्टाचार को रोका नहीं जायेगा तो पूरे भारत को अपनी चपेट में ले लेगा। हमारे भारत देश में जो अशिक्षित लोग हैं वो तो भ्रष्टाचार की चपेट में आते हैं परन्तु जो पड़े लिखे लोग हैं वो भी भ्रष्टाचार में साथ देते है और कई व्यक्ति नौकरी की अच्छी पोस्ट पाने के लिए रिश्वत देने में नहीं चूकते हैं और लोग रिश्वत लेते भी हैं। वर्तमान में देश भर में सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रष्टाचार की ख़बरों को काफी उजागर किया गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को नौकरी देने का झांसा दिला कर लोग उनसे पैसे लूट लेते हैं। देश भर में आये दिन इस प्रकार के केस देखने को मिलतें हैं। देश में जितने भी सरकारी कार्य होते हैं उनमें कहीं न कहीं प्राय: भ्रष्टाचार देखने को मिलता है।

भ्रष्टाचार को रोकने के उपाय :-

समाज में विभिन्न स्तरों पर फैले भ्रष्टाचार को रोकने के लिए हमें एक साथ जुट होकर सामना करना चाहिए, जो लोग रिश्वत लेते समय पकड़े जाते हैं, वहीं व्यक्ति रिश्वत देकर छूट भी जाते हैं। रिश्वत देने और लेने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। ताकि भारत में बीमारी की तरह फ़ैल रहा भ्रष्टाचार को रोका जा सके । भारत में अच्छी शिक्षा व्यवस्था होनी चाहिए जिससे लोग भ्रष्टाचार से बच सकें।

भ्रष्टाचार विरोधी दिवस :-

दुनिया भर में भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों में जागरूकता फ़ैलाने के लिए ही ९ दिसम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दिवस के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने ३१ अक्टूबर २००२ को एक प्रस्ताव पारित कर अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दिवस मनाने की घोषणा की।

निष्कर्ष:-

भ्रष्टाचार से जुड़े लोग अपने स्वार्थ के लिए देश का नाम ख़राब कर रहें हैं। हम सबको भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने होंगे, तभी हम भारत को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिला कर, भारत को विकसित कर सकते हैं। इस कदम में शिक्षा तथा अच्छे नैतिक मूल्य एवं संस्कार निश्चित ही मील का पत्थर साबित होंगे।

"जय हिन्द, जय भारत"

(दिलीप कुमार द्विवेदी)
वरिष्ठ प्रबंधक (मा०स०एवं प्रशा)
टिहरी

" भ्रष्टाचार मुक्त भारत - विकसित भारत"

यदि विकसित करना है भारत को,
भ्रष्टाचार मिटाना होगा ।
यदि प्रगति की राह पर चलना है हमको,
यह पहला कदम बढ़ाना होगा ।।

भ्रष्टाचार है एक दीमक जैसा,
जो अन्दर-अन्दर खा जाता है।
जिस देश में भ्रष्टाचार व्याप्त हो,
वो कभी पनप नहीं पाता है ।।

हजारों उदाहरण हैं दुनिया में,
भ्रष्टाचार से हुई बर्बादी के ।
अपने पड़ोसी मुल्कों को ही ले लो,
बुरे हाल हैं इनकी आबादी के ।।

यदि अपने भारत को हमको,
विकसित और समृद्ध बनाना है ।
सबसे पहले देश को 'अमर '
भ्रष्टाचार से मुक्त कराना है ।।

अमर कुमार भारतीय
उप प्रबंधक (एस.बी./संचि. एवं सा.प्रबं.)
एसटीपीपी, खुर्जा

खुदगर्जी

एक लम्बा सफर तय किया है
पर सफर अभी तमाम बाकी है।
दरख्त तो उग चुका है
पर शाखाओं पर फूल खिलना बाकी है।

कोशिशों से सीखा है बहुत कुछ,
उम्मीदों से खुदको जगाया है,
अब अपनी अलख से,
भटके हुए कुछ और लोगों को जगाना बाकी है।

खुदगर्जी का पानी सिर से ऊपर निकल गया,
लालच ने हमको पूरा का पूरा भर दिया,
अपने खुद के शौक देखे ता-उम्र,
अब किसी गरीब का दर्द समझना बाकी है।

हर काम का दाम ले लिया,
बेगैरत ने सब जगह ले लिया,
अपनी ही कब्र पर खड़ा इन्सां,
बस अपनी रूह से रिश्वत लेना बाकी है।

सुशील कुमार
वरिष्ट अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार,
टिहरी

भ्रष्टाचार मुक्त भारत - समृद्ध भारत

खत्म हो गई सद्भावना, गुम हो गया सुविचारों का दौर,
धोखे और भ्रष्टाचार की लूट, मची है चारों ओर,
नहीं देश की फ़िक्र किसी को, नहीं किसी का कोई उसूल,
ईमानदारी घोल पी गए, सब करने लगे हैं पैसा वसूल।

भ्रष्टाचारियों ने इस दीवार को इतना मजबूत बनाया है,
कि हर वर्ग ने भ्रष्टाचार को अपना हथियार बनाया है।
आसानी से काम निकालने का जरिया बनाया है,
किसी ने उपहार, तो किसी ने सुविधा शुल्क बताकर इसे आसान बनाया है।

यह कसूर नहीं होगा, उन भ्रष्टाचारियों का अब जनता को निर्णय लेना है
आने वाली पीढ़ियों को भ्रष्टाचार मुक्त समाज देना है
रोकना है इस छूत की बीमारी को, अन्यथा यह सब नष्ट कर देगी
दीमक की तरह लगकर, पीढ़ियों में भी किसी को नहीं छोड़ेगी।

बह रहा है जो रक्त नसों में, उसे शुद्ध करना होगा,
भ्रष्टाचार की दीमक से देश को मुक्त करना होगा,
भ्रष्टाचार मुक्त भारत, का सपना साकार करना होगा,
प्रत्येक भारतवासी को इस प्रयास में अपना योगदान देना होगा।

गणेश मिश्रा
वरि प्रबंधक (ओ.एड.एम.)
कोटेश्वर

भ्रष्टाचार मुक्त भारत

भ्रष्टाचार मुक्त भारत में रहना
हर भारतीय का है यह सपना।
आओ मिलकर सब प्रण करें
भ्रष्टाचार मुक्त भारत का निर्माण करें।
भ्रष्टाचार की फैली यह महामारी
हर एक को है रिश्वत लेने-देने की बीमारी।
मिलकर इसको दूर भगायें
भारत को भ्रष्टाचार मुक्त बनायें।

नया सवेरा लायेगें हम
हमने मन में ठाना है।
भ्रष्टाचार और घूसखोरी को
सतर्कता से हटाना है।

सतर्क प्रहरी हम भारत के
भारत का गौरव बढ़ायेंगें।
फिर से नया सवेरा होगा
सोने की चिड़िया कहलायेगें |

रूचि रावत
प्रशिक्षु कोपा,
सतर्कता विभाग, टिहरी

भ्रष्टाचार मुक्त भारत - विकसित भारत

(Corruption Free India for a Developed Nation)

"हर तरफ कानून की कतारें है मगर,
हर तरफ एक चोर रास्ता है हमारे देश में।"

भ्रष्टाचार एक ऐसा अनैतिक आचरण है जिसमें व्यक्ति खुद की छोटी-छोटी इच्छाओं की पूर्ति हेतु देश को संकट में डालने में भी तनिक देर नहीं करता है। देश के भ्रष्ट नेताओं व अधिकारियों द्वारा किया गया घोटाला ही भ्रष्टाचार नहीं कहलाता बल्कि एक ग्वाले द्वारा दूध में पानी मिलाना भी भ्रष्टाचार ही है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल (Transparency International) एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जिसके द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर विभिन्न देशों की रैंकिंग मापी जाती है। इस संस्था का मानना है कि "शक्ति का दुरुपयोग करना भी भ्रष्टाचार है"।

यदि आपको कोई जिम्मेदारी दी जाती है तो उसके साथ आपको शक्ति भी मिलती है, जिसका उपयोग आपको जनकल्याण के लिए करना है किंतु उसका उपयोग सही जगह पर ना करके यदि दूसरों को परेशान करने के लिए करेंगे तो यह भ्रष्टाचार कहलाएगा, यानी भ्रष्ट आचरण। पिछले वर्ष आपने सुना होगा की इंदौर शहर स्वच्छता के मापदंडों में प्रथम स्थान पर आया है, इसका कारण है वहां के जिम्मेदार व सजग अधिकारी एवं जागरूक जनता। इंदौर के विषय में मैंने पढ़ा था कि वहां पर गलत जगह पड़े कूड़े के ढेर में एक टिशु पेपर पड़ा मिला, उस टिशु पेपर पर होटल का नाम अंकित था। स्वच्छता निरीक्षक/अधिकारी उसी वक्त उस होटल पर गए, जिसका नाम उस टिशु पेपर पर था और होटल मालिक पर ₹ 50,000 का जुर्माना लगा दिया। इस प्रकार जुर्माने से जो रकम मिलती है वह शौचालय, पार्कों आदि की देखरेख में लगाई जाती है। यदि सभी संबन्धित अधिकारीगण सतर्कता, ईमानदारी व जागरूकता से कार्य करेंगे, तो जनता स्वयं ही जागरूक होगी ओर भारत, विकसित देशों की तरह ही विकसित भारत कहलाएगा।

भ्रष्टाचार निरोधक संशोधन अधिनियम: 2018 में कहा गया है कि जो व्यक्ति अपने कर्तव्य का निर्वहन नहीं करता है वह व्यक्ति भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। मान लीजिए आपका चयन संघ लोक सेवा आयोग में हो जाता है तो आपको जनता की सेवा करने व अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए चयनित किया गया है। आपका चयन जनता के कल्याण के लिए किया जाता है यदि आप ऐसा नहीं करते तो आप उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य व उनके अधिकारों का हनन ही नहीं करते बल्कि आप उनके जीवन तक का नाश करते हैं।

भ्रष्टाचार के लिए सिर्फ अधिकारी वर्ग ही नहीं, बल्कि जनता भी जिम्मेदार होती है जैसे रिश्वत लेने वाला जितना गुनहगार है उतना ही देने वाला भी गुनहगार है। ऐसा अक्सर कहा जाता है कि भारतीय राजनीति भ्रष्ट है, लेकिन यह एकमात्र ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां भ्रष्टाचार निहित है। भ्रष्टाचार हर क्षेत्र में मौजूद है और यह हमारे देश को बर्बाद कर रहा है। घर बनाते समय अपनी पूरी जगह घेर कर रैंप को बाहर सड़क पर निकालना, घरों के छज्जे बाहर निकालना, सड़कों पर बनी नालियों को दबाकर उस पर निर्माण कर देना भी भ्रष्टाचार ही है।

यदि अधिकारी अपने अधिकारों का ईमानदारी व सतर्कता से पालन करें तो जनता भी सजग व सतर्क रहेगी और जब जनता जागरूक हो गई तो भ्रष्टाचार जैसी बीमारी का सर्वनाश हो ही जाएगा। भ्रष्टाचार फैलने का सबसे ज्यादा उदाहरण हमारी भारतीय राजनीति में निहित है। ऐसा माना जाता है कि यहां पर कोई भी व्यक्ति चाहे वह अशिक्षित व अपराधी प्रवृत्ति का ही क्यों न हो, चुनाव लड़ सकता है। अब आप ही सोचिए एक अशिक्षित व अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति समाज को क्या दे सकता है। वह अपराधियों को ही तो बढ़ावा देगा। एक शिक्षित व साफ-सुथरी छवि वाला व्यक्ति ही देश को अच्छे माहौल के साथ-साथ विकास की ओर ले जा सकता है। इसके साथ ही यदि देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है तो रिश्वतखोरों, गैरकानूनी तरीके से व्यवसाय करने वालों, काला धन कमाने वालों व देश की प्राकृतिक संपदा को नुकसान पहुंचाने वालों को सख्त से सख्त और तुरंत सजा देनी चाहिए ताकि अन्य लोगों को सबक मिल सके तभी हमारा भारत भ्रष्टाचार मुक्त वह विकास के रास्ते पर अग्रसर हो सकेगा।

अंत में यही निष्कर्ष निकलता है कि यदि भारत को भ्रष्टाचार मुक्त व विकसित भारत बनाना है तो सरकार, राजनीतिक दलों तथा नागरिकों के लिए एक उदाहरण तैयार करना होगा और भ्रष्ट तरीकों से काम करने की बजाय अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए ईमानदारी व समर्पण से कार्य करने के लिए प्रेरित करना होगा। हमारे देश को इस बुरी प्रथा से मुक्त करने के लिए सरकार व जनता सभी को एकजुट होना होगा और अपने प्रयासों में ईमानदारी को शामिल करना होगा, तभी हम भ्रष्टाचार मुक्त भारत व विकसित भारत का निर्माण कर सकेंगे।

नीलम चमोली काला
शिक्षिका एवं समाज सेविका,
w/o श्री राजेश चमोली,
वरि. प्रबन्धक (परिकल्प-सिविल),
टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऋषिकेश।

भ्रष्टाचार मुक्त भारत - विकसित भारत

आओ वचन निभाते हैं,
भ्रष्टाचार मिटाते हैं।
देश को विकसित करते हैं,
अपनी छवि बनाते हैं।।

भ्रष्टाचार के दल-दल ने,
हम सबको ले डुबाया है।
भारत माँ के सीने को,
भ्रष्टाचारियों ने दु:खाया है।।

कोई काम यहां नहीं बनते,
दर-दर लोग भटकते हैं।
काम उन्हीं के बनते हैं,
जो भ्रष्टाचार कर पाते हैं।।

गरीब, बेवस लाचार की तो,
बस आह निकलती जाती है।
बिना घूस-रिश्वत दिये तो,
काम अधूरे रह जाते हैं।।

भ्रष्टाचार की आग की लपटें,
जो हम तक पहुंचाएगा।
दमन हम उसका कर बैठेंगे,
कोई उसे बचा न पायेगा।।

भ्रष्टाचार की आग लगी है,
भारत की इन गलियों में।
ईमानदारी का पाठ पढ़ाकर,
अपनी पहचान बनाएगें।।

आओ संकल्प करें हम सारे,
भ्रष्टाचार मिटायेंगे।
ना खुद भ्रष्टाचार करेंगे
ना भ्रष्टाचार करवाएगे।।

ईमानदारी का दर्पण बनकर,
हम सच्ची राह दिखाएगे।
भारत को विकसित करके,
नया भारत बनाएंगे।।

डॉ. राजेश्वरी व्यास
163, राजेश्वरीपुरम, देहरादून।
माता श्री सचिन व्यास
प्रबंधक (ओ एंड एम),टिहरी

सतर्कता जागरूकता सप्ताह
VIGILANCE AWARENESS WEEK

31st October - 06th November, 2022

''भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत''

"Corruption free India for a developed Nation"

सतर्कता विभाग, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
Vigilance Department,THDC India Limited

सतर्कता जागरूकता सप्ताह
VIGILANCE AWARENESS WEEK

31st October - 06th November, 2022

''भ्रष्टाचार मुक्त भारत–विकसित भारत''

"Corruption free India for a developed Nation"

सतर्कता विभाग, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
Vigilance Department,THDC India Limited

सतर्कता जागरूकता सप्ताह
VIGILANCE AWARENESS WEEK

31st October - 06th November, 2022

''भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत''

"Corruption free India for a developed Nation"

सतर्कता विभाग, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
Vigilance Department,THDC India Limited

GENERATING POWER
TRANSMITTING PROSPERITY

Drinking Water to Millions

300 cusecs (162 MGD)
of Drinking Water for **Delhi** to meet the requirement of about
40 lakh population

200 cusecs (108 MGD)
of Drinking Water for towns and villages of **Uttar Pradesh** to meet the requirement of about
30 lakh population

लाखों लोगों के लिए पीने का पानी

300 क्यूसेक (162 मिलियन गैलन प्रतिदिन)
दिल्ली के लिए पीने का पानी, लगभग **40 लाख** लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए

200 क्यूसेक (108 मिलियन गैलन प्रतिदिन)
उत्तर प्रदेश के नगरों एवं गाँवों के लिए
पीने का पानी, लगभग **30** लाख लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED
(श्रेणी–'क', मिनी रत्न, उपक्रम)
(SCHEDULE-'A',Mini Ratna, PSU)

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

Ganga Bhawan, Pragatipuram, By-Pass Road, Rishikesh-249201- Uttarakhand)
(Schedule-A Mini Ratna, Government PSU)

(इस पत्रिका में प्रकाशित लेखों/रचनाओं में व्यक्त किये गये विचार लेखकों के अपने है,
और उनसे टीएचडीसी इण्डिया लिमिटेड प्रबंधन का सहमत होना आवश्यक नहीं है।)